इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन को 15 स्थान चिह्नित

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा: इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए शहर में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। प्राधिकरण दोपहिया व चार पहिया ईवी की चार्जिंग के लिए निजी कंपनी की मदद से इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगा। इसके लिए शहर में अभी 15 स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। चयनित कंपनी ही इन स्टेशन का संचालन करेगी।

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और कार्बन ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, लेकिन इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी इसकी संख्या बढ़ाने में बड़ी बाधा बनी हुई है। इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए

पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। ग्रेटर नोएडा में चार्जिंग स्टेशन के लिए प्राधिकरण ने अल्फा, बीटा, डेल्टा, सेक्टर पी तीन, ओमेगा, स्वर्ण नगरी आदि में स्थान चिह्नित किया है। कंपनी का चयन होने के बाद चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम शुरू हो जाएगा। इससे ईवी वाहन चालकों को राहत मिलेगी।